Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-06-2023 | अंक 586

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### करंट लगने से राज्य स्तरीय फुटबॉल खिलाड़ी का मौत



**अपेम लाइव चंदवारा**

कोडरमा चंदवारा डी.वी.सी केटीपीएस के बिजली मेंटेंस कार्य में लगे सीताराम कंपनी के एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई जिसकी पहचान मंटू यादव पिता महादेव यादव उम्र लगभग 26 वर्ष ग्राम गैड़ा ज़िला कोडरमा निवासी के रूप में की गई मृतक बाझेडीह फोर लाइन रोड मे काम कर रहा था जिसमें 11हज़ार करंट के चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए आनन-फानन में सहकर्मियों के द्वारा सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया बता दे मृतक पैसे से कोडरमा जिला का एक बेहतरीन फुटबॉलर खिलाड़ी के नाम से भी प्रसिद्ध था जहां जिला से लेकर राज्य स्तर तक वह अपने प्रतिभा को लोहा मनवाया है तथा वह विवाहित होने के कारण अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए निजी कंपनी में कार्य करता था वह पिछले 10 दिन पूर्व ही कंपनी में ज्वाइन किया था इस घटना को सुनकर पूरे जिले में शोक की लहर है।

### पारा शिक्षक की मौत पर लोगो ने उनके आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना किया

**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के उत्क्रमित प्रार्थमिक विद्यालय कोइरी टोला पोखरिया के पारा शिक्षक कैलाश प्रसाद वर्मा 54 वर्ष का निधन मंगलवार के सुबह हो गई।वे पिछले कई वर्षो से अस्वस्थ चल रहे थे। आर्थिक स्थिति की कमी के वजह से उनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा था। इस दुःख की इस घड़ी में बिरनी प्रखण्ड के कई पारा शिक्षकों ने अपनी संवेदना प्रगट करते हुए मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए और साथ हीं उनके शोक संतप्त परिवार को हिम्मत से काम लेने का सलाह दिया। साथ ही कई लोगो ने परिवार वालों को सांत्वना देते हुवे भविष्य में सरकार से अनुकंपा आधारित सुविधाएं दिलाने में भरपूर सहयोग का भरोसा दिलाया।।

### योनशोषण के आरोप में एक अभियुक्त को भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना कांड संख्या 261/23 दिनांक 6 जून को धारा 376/364 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त पंकज कुमार दास पिता बीरेंद्र कुमार दास ग्राम असना इन्दवा, थाना तिलैया, जिला कोड. रमा को शादी का झांसा देकर यौनशोषण के आरोप में न्यायलय भेजा गया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस विचार गोष्ठी का आयोजन



**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत नेतरहाट एवं महुआडांड़ समेत अन्य स्थानों में विश्व पर्यावरण मनाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन नेतरहाट इको विकास समिति एवं महुआडांड़ वन क्षेत्र पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी प्रमंडल मेदनीनगर के तत्वाधान में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेंजर वृंदा पांडे एवं उनके वन विभाग के कर्मी के द्वारा पौधारोपण किया गया। वही वन में अग्नि की रोकथाम , प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने तथा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई । इस कार्यक्रम में वन पाल अजय टोप्पो , सरवन कुमार, संजीव, मिथलेश ठाकुर समेत अन्य लोग शामिल थे ।

# शिलान्यास के एक साल बाद भी शुरू नही हो पाया अनुमंडलीय खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य, खिलाड़ी मायूस

## रिवाइज इस्टीमेट के लिए दो माह पहले ही विभाग को भेजा गया है फाइल, अब तक नही मिली है स्वीकृति



पंचमाधव में एक साल पहले लगाया गया शिलापट्ट



स्टेडियम के लिए उपलब्ध कराई गई जमीन

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड के पंचमाधव में बनने वाला अनुमंडल स्तरीय खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य शिलान्यास के एक साल बाद भी शुरू नही हो पाया। जिसके कारण बरही अनुमंडल के क्रिकेट, फुटब०ल सहित आ. उटडोर से जुड़े खिलाड़ी मायूस है। जानकारी के मुताबिक तत्कालीन विधायक मनोज कुमार यादव के प्रयास से 2017 में बरही विधानसभा में एक अनुमंडल स्तर के खेल स्टेडियम का निर्माण के लिए युवा कार्य एवं खेलकूद विभाग से स्वीकृति दिलाई थी । इसके लिए तीन करोड़ 16 लाख की राशि भी उपलब्ध कराई गई। बजाप्ते इसका टेंडर भी हुआ। दीपक मेहता की कंस्ट्रक्शन कंपनी को निर्माण कार्य पूरा कराने की जिम्मेवारी मिली। लेकिन जमीन की उपलब्धता में तकनीकी कमी के वजह से स्टेडियम निर्माण का कार्य लटका रहा। पहले चकुरा टांड, उसके बाद डूमरडीह फिर बरसोत में जमीन की खोज हुई। लेकिन इन तीनो जगहों पर जमीन फाइनल नही हो सका। अंततोगत्वा पंचमधाव जीटी रोड के किनारे पर्याप्त जमीन अंचल कार्यालय के द्वारा उपलब्ध कराई गई। 2017 में पास हुई योजना 2022 में शिलान्यास के तौर पर धरातल पर उतरी। लिहाजा वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला एवं जयंत सिन्हा के प्रतिनिधि के द्वारा 8 अप्रैल 2022 को तत्कालीन जिला परिषद अध्यक्षा सुशीला देवी की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया। लेकिन शिलान्यास के एक साल बाद भी निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया। जिसके कारण बरही अनुमंडल के खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मायूस एवं नाराज हैं।

**पांच साल पुराने इस्टीमेट में निर्माण कार्य संभव नही :**

संवेदक जिस एजेंसी को निर्माण कार्य मिला है। उसके संवेदक दीपक मेहता ने बताया की उन्हे टेंडर 2017 में ही मिला था। लेकिन विभाग को जमीन उपलब्ध कराने के पांच साल लग गए। इन पांच सालो मे निर्माण कार्य में लगाई जाने वाली सामग्री का रेट दुगुना हो गया। जिसके कारण पुराने इस्टीमेट पर निर्माण कार्य कराना संभव नहीं था। इसलिए निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया। रिवाइज इस्टीमेट कराने के लिए जिला परिषद के माध्यम से उपायुक्त के पास भेजा गया है। रिवाइज इस्टीमेट की स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक अब रिवाइज इस्टीमेट में छह करोड़ की राशि का प्रावधान करने का प्रस्ताव भेजा गया है।

**दो माह पहले ही रिवाइज इस्टीमेट के लिए विभाग को भेजा गया है :**

जिला अभियंता जिला अभियंता सीबी सिंह ने भास्कर को बताया की टेंडर पांच साल पहले ही हो गया था। लेकिन जमीन के अभाव में निर्माण कार्य शुरू नही कराया जा सका था। इसलिए पुनः रिवाइज इस्टी. मेट बनाकर उपायुक्त महोदया के माध्यम से युवा कार्य एवं खेलकूद विभाग को भेजा गया है। अब तक रिवाइज ईस्टीमेट की स्वीकृति नही मिलीं। जिसके कारण निर्माण कार्य शुरू नही हो पा रहा है। जैसे ही इस्टीमेट रिवाइज होकर आता है। निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

**क्या कहते हैं विधायक : वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला ने बताया की जब उन्हें पता चला की पुराना टेंडर के माध्यम से पुराने इस्टीमेट में काम कराना संभव नहीं है। तब मैंने खुद उपायुक्त से इस संबंध में बात की और रिवाइज इस्टी. मेट करवाकर कर उपायुक्त के माध्यम से युवा कार्य एवं खेल कूद विभाग को स्वीकृति के लिए भेजवाया हूं। जल्दी ही विभाग से स्वीकृति भी दिलवा दूंगा। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करवा कर खिलाड़ियों को स्टेडियम का सौगात दूंगा।**



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भाकपा माओवादी का गुरिल्ला कमांडर नागेन्द्र उरांव सहित दो गिरफ्तार

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जिले के गारू प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मिरचईया से भव. रवधा जंगल में छापेमारी कर दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इस सं. बंध में प्रेस वार्ता का आयोजन कर एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि माओवाद के खिलाफ लाते. हार जिला अन्तर्गत बूढा पहाड़ में विगत आठ महीनों से अ०परेशन अ०क्टोपस चलाया जा रहा है, बूढ़ा पहाड़ के रास्ते में लगे सैकड़ो आईईडी को सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय किया है एवं माओवादियों के बंकरों को ध्वस्त कर लातेहार जिला के बारेसाढ़ तथा महुआड०ड थाना अंतर्गत नावटोली एवं तिसीया में दो पुलिस पिकेट का निर्माण किया गया है। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पढाई-लिखाई एवं अन्य जरूरत की समाग्री पुलिस के द्वारा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही पुलिस ने कुछ दिनों में ही उस क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच अपनी पकड़ मजबूत कर ली है और वहाँ के ग्रामीणों, जिनका पूर्व में माओवादियों के द्वारा शोषण किया जा रहा था, अब सुरक्षा बलों का भरपूर सहयोग कर रहे हैं।यह देख माओवादी काफी हतास और निराश होकर अपनी जान बचाकर बूढ़ा पहाड़ छोड़ कर भाग गए, पुलिस लगातार माओवादियों के हर गतिविधि पर नजर रख रही थी तभी पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि माओवादी का एक दस्ता गारू थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है एवं बूढ़ा पहाड़ पर ऑपरेशन ऑक्टोपस से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए सुरक्षा बलों को लक्षित कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है। दस्ता में माओवादी के सदस्य मारकुश उर्फ सौरव बाबा, छोटू खेरवार उर्फ सुजीत जी. रविन्द्र गंझू, मृत्युंजय भुईया, नागेन्द्र उराँव उर्फ ड०क्टर, गोदन कोरवा, सुखलाल बृजिया उर्फ एकेला बृजिया एवं अन्य 20-25 सदस्यों के होने की सूचना है।सूचना के सत्यापन एवं छापामारी हेतु एक टीम का गठन किया गया। छापामारी दल जब गारू मिरचईया से भवरवधा जंगल पहुँचे तो दो व्यक्ति भवरवधा जंगल में संदिग्ध अवस्था में पाया गया, जो पुलिस दल को देखकर भागने लगे। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के द्वारा घेराबंदी कर इन दोनों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए दोनों व्यक्ति से पुछताछ करने पर एक ने अपना नाम नागेन्द्र उराँव उर्फ बहरा उर्फ डॉक्टर उर्फ चुलबुल उर्फ नागेन्द्र जी उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-सुरज उराँव, सा0-गडिहारा, थाना-पाँकी, जिला-पलामू जो भाकपा माओवादी का गुरिल्ला विंग का कमाण्डर बताया। दूसरे ने अपना नाम गोदम कोरवा उर्फ गोदम जी उम्र करीब 30 वर्ष, पिता स्व0 गुजाटी कोरवा सा0-बेहेराखाड थाना- भण्डरीया, जिला-गढ़वा, वर्तमान सा0-पुनदाग, थाना-साम. रीपाठ, जिला-बलरामपुर (छत्तीसगढ़) बताया। इन दोनों के विरूद्ध लातेहार जिला एवं अन्य जिलों में कई काण्ड दर्ज है। 14 वर्षो से भाकपा माओवादी में सक्रिए था नागेंद्र उरांव रु एसपी नागेन्द्रर उराँव, करीब 14 वर्षो से प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी पार्टी का सक्रिय सदस्य है। ये लातेहार जिला में भाकपा माओवादी द्वारा अनेकों हमला में शामिल रहा है। इसके द्वारा पुलिस कर्मियों की अमानविय तरीके से हत्या की गयी है। यह गुरिल्ला विंग का कमाण्डर था। नागेन्द्र उराँव भाकपा माओवादी में शामिल होकर कई घटनाओं को अंजाम दिया है। जनवरी 2013 में कटिया जंगल में पुलिस की टीम छापामारी एवं अभियान में निकली थी, जहाँ माओवादियों द्वारा जिसमें नागेन्द्र उराँव भी शामिल था, पुलिस को लक्षित कर गोली बारी की गई थी, जिसमें 12 जवान एवं 04 आम नागरिक मारे गये थे तथा जवान का पेट फाड़कर उसके अन्दर आईईडी लगाई गई थी। पुलिस अधीक्षक लातेहार एवं गढ़वा के नेतृत्व में जून 2018 में झारखण्ड जगुवार की टीम खपरी महुआ में अभियान में निकली थी, जहाँ नागेन्द्र उराँव की टीम ने आईईडी ब्लास्ट किया था, जिसमें झारखण्ड जग. ुवार के 06 जवान शहीद हो गए थे। वर्ष 2019 में चंदवा थाना अर्न्तगत लुकईया मोड में पुलिस की पीसीआर वाहन को टारगेट कर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी, जिसमें 01 सहायक अवर निरीक्षक एवं 03 गृह रक्षक जवान शहीद हो गए थे। इस घटना में नक्सलियों का नेतृत्व करते हुए नागेन्द्र उराँव ओपनर फायर के रूप में शामिल था। गुरिल्ला विंग का कमाण्डर नागेन्द्र उराँव एवं सदस्य गोदम कोरवा के पकड़े जाने से माओवादियों को बहुत बड़ी क्षति हुई है। छापामारी दल में गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, बारेसाड़ थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, मो० शाहिद अंसारी, सरज कुमार, तारापद महतो, और सैट -06 गारू एवं सेंट-02 बारेसाढ़ थाना के पदाधिकारी, हवलदार एवं जवान शामिल रहे।




## नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या के बाद मृतिका के परिजन से मिलने पहुची कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी

**अपेम लाइव : बिरनी**




बिरनी प्रखंड के मनकडीहा पंचायत के बैदापहरी गांव की नाबालिक छात्रा की रेप कर हत्या करने के मामले में मृतिका के परिजनों से मिलने पहुची कोडरमा सांसद सह शिक्षा राज्यमंत्री अनपूर्णा देवी ओर साथ साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी मृतका के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात किया। साथ ही मृतिका के पिता से बातचीत कर घटना की विस्तार से जानकारी लिया। मृतका के पिता ने कहा कि प्रशासन इस केस को दुसरे दिशा में बदलने का प्रयास कर रही है। और आरोपी को बरी करवाने का प्रयास कर रही है जो सरासर गलत है। ग्रामीणों ने एसडीपीओ नौशाद आलम पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसे बनाए गए जांच टीम से बाहर रखा जाए। इस मौके पर सांसद महोदया अन्नपूर्णा देवी ने एसपी अमित रेणु से बात करके मामले को बारीकी से जांच करने को कही । इस मौके पर पहुंचे भरकट्टा निवासी विशेश्वर साव ने कहा भरकट्टा के डाक बंगला में रोहंगिया मुसलमान आकर बसा हुआ है और भरकट्टा में फेरी का काम करते हैं । मौजूद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा अगर प्रशासन पांच दिनों के अंदर कुछ पहल नहीं करती है तो हम लोग उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।जिसका जवाब देही पुलिस प्रशासन की होगी । ग्रामीणों ने कहा आज जिस तरह लव जिहाद का मामला पूरे देश में चल रहा हैं हमारे बहनों को हिन्दू नाम रखकर हाथ में कलेवा बांध कर अपने प्यार के जाल में फंसा कर धर्म परिवर्तन कराने का जो षडयंत्र चल रहा हैं यह बहुत ही दुःखद हैं सरकार जल्द से जल्द लव जिहाद को लेकर एक ऐसा कानून बनाये जिस से लव जिहाद करने वालो को सजा फांसी हो एवं मृतिका के हत्यारे को जल्द से जल्द फांसी हो। कुछ ग्रामीणों ने प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अब्बास अंसारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे स्वजाति के छात्र को सपोर्ट करने का काम करते हैं जिसको यहां से ट्रांसफर कराना अति आवश्यक है। मौके पर जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला परिषद् सदस्य सूरज सुमन, जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, नारायण पाण्डेय,देवनाथ राणा, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद कुशवाहा, सूरज कुमार मोदी, मनकडिहा मुखिया निरंजन कुमार वर्मा, सत्येंद्र राउत ,विशाल बजरंगी, उपमुखिया मनीष वर्मा, अशोक वर्मा, अशोक कुशवाहा, विशाल बजरंगी, बजरंग दल जिला संयोजक रितेश पाण्डेय , सहसंयोजक सुरेश रजक, विहिप संवर्धन परिषद विभाग प्रमुख रवि शंकर पाण्डेय, सीताराम हिंदू ,चंदन कुमार, दिवाकर साहू ,बसंत सिंह, जितेंद्र ,गौरव कुमार ,अंशु ,शुभम ,कन्हैया पांडे ,विक्रम शर्मा ,रोहित शर्मा, उत्तम कुमार समेत कई उपस्थित थे।

## जियाड़ा प्रक्षेत्र में लगाए गए 600 पौधे, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, तीन साल में लगे 7000 पौधे

### बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र को शुद्धता बनाए रखने के लिए लगातार किए जाते हैं पौधरोपण : पीके गर्ग





**अपेम लाइव : बरही**

बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र के सेवार्थ संचालित मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बरही के निर्देशन में प्रक्षेत्र में स्थापित फैक्ट्रियों में पौधारोपण अभियान की शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस पर की गई। इस अभियान के तहत पिछले दो दिनों में कुल 600 पौधे लगाए गए। प्रथम चरण में राधा गोपाल फैक्ट्री में 200, डिवाइन स्टील फैक्ट्री में 350 एवं पवन पुत्र स्टील फैक्ट्री में 50 पौधे लगाए गए। इस अभियान में फैक्ट्री के संचालक के साथ साथ फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस पौधारोपण अभियान की जानकारी देते हुए मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बरही के अध्यक्ष पीके गर्ग एवं सचिव राजीव अग्रवाल ने बताया की जियाडा प्रक्षेत्र में संचालित सभी फैक्ट्रियों में पौधारोपण कार्य को प्राथमिकता दिया जाता है। पिछले तीन सालो से लगातार पौधे लगाए जा रहे हैं। ताकि पूरे प्रक्षेत्र का पर्यावरण शुद्ध एवं संतुलित रहे। उन्होंने बताया की पिछले तीन सालो में राधा गोपाल फैक्ट्री में लगभग 1200 पौधे, जेएसवी प्लांट में लगभग 1250, डिवाइन स्टील प्लांट में 1200, पवन पुत्र स्टील प्लांट में 950, श्रेष्ठ स्टील प्लांट 950 एवं हेबे स्टील प्लांट में लगभग 800 पौधे लगाए जा चुके है। तीन साल में अब तक लगभग 7000 पौधे लगाए जा चुके है। जिसमे आज भी 90 प्रतिशत पौधे सुरक्षित हैं। पौधरोपण का कार्य लगातार चलाए जाते हैं । बारिश का मौसम आने पर पूरे प्रक्षेत्र में इस मानसून सीजन में 1500 और पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पौधा रोपण कार्य में पीके गर्ग, राजीव अग्रवाल, रवि गरौदिया, बीके तिवारी, विकास छाबड़ा, सुमित गर्ग, राजा छाबड़ा, मानिक गर्ग, विकास अग्रवाल, सूर्यकांत तिवारी, पंकज पटेल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सूरज की किरणें असहनीय लगने लगी है पेड़ पौधे भी जल रहे हैं

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



इन दिनों बड़कागांव प्रखंड में भीषण गर्मी के कारण सुबह होते ही सूरज की किरणें लोगों को असहनीय लगने लगी है। सुबह 7रू00 बजते ही सूर्य की ताप लोगों को मजबूरन घर में रहने को विवश कर रहा है । मंगलवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिक०र्ड दर्ज की गई इसका असर इंसान पर ही नहीं बल्कि जीव जंतु पशु पक्षी पर भी देखी जा रही है पानी पीने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। गरम हवा के थपेड़ों एवं लू ने लोगों को जीना मुहाल कर दिया है। गर्मी की ताप इतनी तेज पड़ रही है की पेड़ पौधे भी कुलमुला जा रहे हैं उनके पत्ते जल जा रहे हैं। पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को सचेत रहने की जरूरत है।

## कोल्हुआकला : तेज हवा और बारिश से ग्यारह हजार का तार टूटा, कोई हताहत नहीं

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के पंचायत सचिवालय के नजदीक तेज हवा के साथ हुई बारिश में ग्यारह हजार का तार टूटकर गिर गया। लेकिन किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुई। जब इस बात की सूचना स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव को मिलने पर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बिजली मिस्त्री से बिजली दुरुस्त करने का आदेश दिया। साथ ही साथ उन्होंने बिजली विभाग के अधाक. ारियों से आग्रह किया है की घर के सामने से ग्यारह हजार बिजली का तार जो गुजरा है उसे हटा कर आरईओ में करने का मांग किया है। जिससे समय रहते बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है।

# बैदापहरि की बेटी को इंसाफ तभी मिलेगा जब आरोपियो को कड़ी सी कड़ी सजा मिलेगा : प्रो0 जयप्रकाश वर्मा

**अपेम लाइव : बिरनी**



मृतिका नाबालिक छात्रा के परिजनों से मिलने मंगलवार को पहुचे गांडेय के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता प्रो0 जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि जिस तरह एक नाबालिक छात्रा के साथ यह घटना घटी है बहुत ही निंदनीय है पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है कुछ लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है साथ ही उन्होंने बताया कि गिरीडीह एसपी से बात कर अविलम्ब दोषियो पर कड़ी सी कड़ी सजा देने का मांग करेंगे ताकि मृतिका के आत्मा की शांति के साथ साथ उसके परिजनों का भी ढाढस बना रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो प्रखण्ड अधक्षः माजिद अंसारी प्रखंड कोषाध्यक्ष मो रिजवी अंसारी प्रखंड सचिव कृष्ण मुरारी प्रसाद प्रो सुरेन्द्र कुशवाहा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# नए बी पी ओ के रूप में राजीव रंजन सिंह ने लिया प्रभार

## पुराने बी पी ओ को दिया गया विदाई एवं नए का किया गया स्वागत

## मनरेगा योजना में मजदूरों को समय पर काम उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता : राजीव





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : उपायुक्त के निर्देश पर जिले में हुए प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया गया।जिसमें कान्हाचट्टी के निवर्तमान बी पी ओ नीरज पासवान को मयूरहड स्थानांतरित किया गया।जिज़के बाद मंगलवार को कान्हाचट्टी के नव पदस्थापित बी पी ओ राजीव रंजन सिंह ने पदभार ग्रहण किया।राजीव रंजन सिंह को निवर्तमान बी पी ओ नीरज पासवान ने श्री सिंह को प्रभार सौंपा।प्रभार ग्रहण के बाद नव पदस्थापित बी पी ओ श्री सिंह ने कहा कि मनरेगा योजना को जन जन तक पहुंचाना एवं मनरेगा के निबंधित मजदूरों को समय पर काम उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगा। मौके पर मनरेगा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह, विजय पंडित, रोजगार सेवक रंजित पांडेय, कपिलदेव रजक, सन्तोष सिंह, नौशाद आलम, सन्तोष तिवारी, स्वर्णलता कुमारी, अरविंद अम्बष्ट,कम्प्यूटर ऑपरेटर रंजीत सिंह,श्वेता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कुप्रथा समेत अन्य सुविधा की दी जानकारी

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय,लातेहार के तत्वावधान में स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा सदर प्रखंड के परसही पंचायत एवम मंगलवारीय बाजार हाट में नुक्कड़ नाटक किया गया। नाटक के माध्यम से डायन बिसाही, बाल विवाह , सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना एवं फूलों झानो आशीर्वाद योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। नाटक मं रितेश कुमार, जोगेश्वर राम एवं बसंत प्रसाद लोगों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बीमार पड़ने की स्थिति में किसी ओझा गुणी के पास नहीं जाना है। ऐसी परिस्थिति में अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल लातेहार में जाकर कि किसी सुविधा का लाभ उठाना है। उन्होंने डायन बिसाही कह कर किसी को प्रताड़ित करने पर कानूनी सजा का प्रावधान होने के बाद कही। सर्वजन पेंशन योजना के लाभों को बताते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 5 वर्ष से ऊपर के दिव्यांग, 18 वर्ष के ऊपर के विधवा अथवा परित्यक्ता महिला, 45 वर्ष से ऊपर के एकल महिला एवं 60 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाता है। इसके अलावा एचआईवी एड्स से ग्रसित व्यक्ति को भी इस योजना का लाभ दिया जाता है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत कक्षा आठ व नौ में पढ़ने वाली छात्राओं को ढाई हजार, कक्षा 10 से 12 वीं तक 5000 एवं वयस्क होने पर 20000 प्रदान किया जाता है। कलाकारों ने बताया कि बाल विवाह या बाल मजदूरी अपराध है. कलाकारों ने मनोरंजन के लिए पारंपरिक आदिवासी गीत व नृत्य प्रस्तुत किया।

# ओड़िशा ट्रेन हादसे में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईसीआरकेयू ने किया शोक सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : ओड़िशा के बालासोर में शुक्रवार को हुई ट्रेन हादसे में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए सोमवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा कार्यालय बरवाडीह के साथ- साथ गढ़वा रोड और डालटनगंज में भी शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी रेल कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और पीड़ित के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उधर शाखा सचिव सुनील सिंह ने कहा कि देश के इतिहास में यह सबसे बड़ी ट्रेन दुर्घटना है। हम सब इस हृदय विदारक घटना से काफी दुखी और मर्माहत है। वहीं उन्होंने इस घटना का मुख्य कारण निजीकरण और कर्मचारियों पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव को बताया। कहा कि निजीकरण पर रोक लगाने के लिए ईसीआरकेयू रेल कर्मचारियों के साथ मिलकर केंद्र सरकार की इस रेल विरोधी नीति के खिलाफ आर- पार की लड़ाई लड़ेगी। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार ने कहा कि अनस्किल्ड लोगों के कारण आये दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होती आ रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों धनबाद गया रेलखंड के बीच भी पांच मजदूर की मौत होने का कारण मुख्य कारण निजीकरण ही है। वहीं शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि सरकार को इस घटना पर गहनता से सोचने समझने की जरूरत है, और रेल तथा अन्य क्षेत्रों में हो रहे निजीकरण को तत्काल रो. कने की आवश्यकता है। ताकि इस प्रकार की घटनाएं की पुनरावृति आगे न हो। शोक सभा में युवा सचिव ॠषि राज, बशीर अहमद, एच कुमार, राजू रहमान, इंजमामुल हक, अंकित कुमार, अभिमान श्रीवास्तव, देवनंदन आर्या, जैकी कुमार, अमित कुमार, संजय कुमार, योगेंद्र कुमार, एसके रंजन, धनंजय कुमार, बीके रमन, उपेंद्र लाल मुकेश कुमार, आशुतोष कुमार, दीपक राज, संजय कुमार, रंजित कुमार दिवाकर, सीबी कुमार, रविंद्र कुमार, मो.अहसान खान, सुधीर कुमार, शिवा जी, राकेश कुमार और राजन कुमार सहित कई रेलकर्मी मौजूद थे।

# समाजसेविका कैलाश देवी का निधन, कल होगा अंतिम संस्कार

**अपेम लाइव : बरही**



तिलैया रोड बरही निवासी 80 वर्षीय कैलाश देवी का निधन मंगलवार को हो गई। कैलाश देवी भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनोज साव की माता थी। कैलाश देवी सामाजिक एवं आध्यात्मिक महिला थी। स्समाजिक कार्यों में उनकी बढ़ चढ़ कर भागीदारी रहती थी। मृदुल भाषी कैलाश देवी की निधन का समाचार जैसे ही फैला। उनके परिजन एवं चाहने वाले उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पहुंचने लगे। मनोज साव ने बताया की दिवंगत माता की अंतिम संस्कार बरही नदी स्थित शमशान घाट में बुधवार सुबह आठ बजे की जाएगी। निधन पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, रमेश ठाकुर, किशुन यादव, रितेश गुप्ता, गुरुदेव गुप्ता, भूपेंद्र यादव, भगवान केशरी, कपिल केशरी, डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रकाश ज्ञानी , मुखिया सिकंदर राणा, दिनेश कुमार, रणधीर कुमार ने शोक संवेदना प्रकट की है।







दिनांक: 06-06-2023
सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर
पेज सं0: 04

## कलश स्थापन के साथ रूद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

**अपेम लाइव : लातेहार**



बालूमाथ/लातेहार : बालूमाथ प्रखंड के पिण्डार्कोम ग्राम में 501 रूद्र महायज्ञ कलश स्थापन शुरू हो गया ।वहीं महायज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मनोज यादव ,कोषाध्यक्ष ,विकास यादव तथा सैकड़ों ग्रामीण दिन रात मेहनत कर रहे हैं ।ज्ञात हो कि यह यज्ञ 7 दिनों तक चलेगा ।महायज्ञ को लेकर आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष और उल्लास माहौल बना हुआ है ।कलश स्थापना कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक प्रकाश राम ,समाजसेवी शैलेश कुमार सिंह ,सूरज शाह, भारतीय जनता पार्टी के युवा मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

## मुखिया ने किया पीसीसी का शिलान्यास

**अपेम लाइव : लातेहार**



बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड के मगरा पंचायत के अमरड़िहा ग्राम में स्थानीय मुखिया बिपिन बिहारी सिंह ने अपने मुखिया मद से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया ।इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि यह सड़क ढाई लाख की लागत से बनाई जायेगी। उन्होंने सम्बेदक को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिया । कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नही किया जायेगा।

## बिना ग्राम सभा के लाभुक समिति कि गठन का लगाया आरोप

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बसिया पंचायत के ग्राम पिण्डारकोम में कल्याण विभाग द्वारा सरना स्थल की घेराबंदी एवं सरहुल माण्डर देवस्थान के संरक्षण व विकास कार्य की स्वीकृति किया गया था। पिंडरकोम के ग्रामीणों ने कल्याण विभाग में आवेदन सौंपी है। आवेदन में ग्रामीण ने लिखा है कि बिना ग्राम सभा के बैठक आयोजन किये एवं लाभुक समिति कि गठन किये वगैर ही संवेदक द्वारा सरना स्थल का घेराव कार्य आरंभ कर दिया गया है। जिसका हमलोग विरोध करते हैं ,पहले ग्राम सभा कराया जाये उसके बाद ही सरना स्थल का घेराव किया जाये। कार्य स्थल पर जब पाहन पुजार इस विषय पर संवेदक से बात करने गये तो हमलोगों को डांट कर भगा दिया जा रहा है। इसी विषय को जिला कल्याण पदाधिकारी को आवेदन ग्राम पिण्डारकोम के निवासी द्वारा दी है। आवेदन देने वाले में आदेश गंझू , मंटू गंझू ,किसू गंझू , मुकेश गंझू , देवनंद गंझू , प्रयास गंझू ,संतू गंझू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

Bibek Maji (Director)
Mob : 7488175500
Kuldeep Pd. Rajak (Director)
Mob : 9934576931
SKY VIEW INTERNATIONAL SCHOOL
An English Medium co-educational School
Based on CBSE Curriculum
Hostel Facility for Boys & Girls
Preperation for Admission in Sainik School,
Navodaya & Netarhat etc.
Titirchanch, Tilaiya Dam Road, Koderma
Mob # 7070493844

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में सोमवार को ब्रह्म विद्या विहंगम योग द्वारा कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगल गान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही ज्ञान गुदड़ी कैलाश प्रसाद केशरी, उद्घोष एवं प्रवचन कृष्णा कुमार गुप्ता, स्वर्वेद पाठ सिकंदर सिंह, भजन ममता देवी, कैलाश केशरी एवं यशोदा देवी एवं वंदना,आरती एवं शांतिपाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर सिकंदर सिंह, कैलाश प्रसाद केशरी, लवली केशरी, वंशी केशरी, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, राजदेव सिंह, उपेंद्र पांडेय, ममता देवी, यशोदा देवी, चमेली देवी, पप्पू राम, रविंद्र सिंह एवं प्रमोद गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मन का मिलन पखवाड़ा में दो मामलों का हुआ निष्पादन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : झालसा रांची के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मन का मिलन पखवाड़ा"का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में किया गया ।ज्ञात हो कि दिनांक 29 मई से 14 जून तक सिविल कोर्ट परिसर में परिसर में मन का मिलन पकवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंगलवार को कुल 6 मामलों का सुनवाई किया गया जिसमें 02 मामले का निष्पादन किया गया ।ज्ञात हो कि मन के मिलन पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य मध्यस्था के प्रति सामान्य जनमानस को जागरूक करना है ।जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता है। मन का मिलन पखवाड़ा के तहत पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौता का आयोजन किया जाएगा जिसमें मध्यस्थतकर्ता के साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजुद रहेंगे। मध्यस्थता के प्रति सामान्य जनमानस को जागरुक करना इस आयोजन का मुल मंत्र हैं।

## वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन पर जागरूकता अभियान का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत महुआडांड़ के ओरसा पंचायत सचिवालय में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजे. क्शन अभियान का कैम्प आयोजन जेएसएलपीएस के माध्यम किया गया । इस अभियान के द्वारा गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए बैंक सखी, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया,मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल लेन देन से लाभ एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में ओरसा पंचायत के मुखिया अमृता देवी, सीसी उत्तम कुमार , शांति देवी सखी मंडल की दीदी काफी संख्या में उपस्थित रही ।




सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# चित्रपट झारखंड फ़िल्म फेस्टिवल में चयन हुई लखी माई डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म

## पांच साल लगे फ़िल्म को पुरा करने में : निर्देशक नितेश कुमार



**अपेम लाइव : बरही**




होरिल यादव फ़िल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म लखी माई का चयन चित्रपट झारखण्ड फ़िल्म फेस्टिवल में हुई है।
फ़िल्म का निर्देशन, एडिटिंग और कैमरा रसोइया धमना पंचायत, पुरहरा गांव के समाज सेवी स्वर्गीय होरील यादव के पुत्र नितेश कुमार ने किया है। चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल के लिए 102 फ़िल्मों का फ०र्म आया था जिसमे से 60 फिल्मों में 13 ड०क्यूमेंट्री फिल्मों का चयन हुई है जिसमे से एक लखी माई भी हैं। इसके साथ 8 कैंपस फ़िल्म और 39 शॉर्ट फिल्मों का भी चयन हुई हैं। सरला बिरला यूनिवर्सिटी में 24 एवं 25 जून को फ़िल्मों का स्क्रीनिंग होगी। लखी माई फ़िल्म ष्चावल की खेती की पुरानी परंपरा पर आधारित है। इस फिल्म में किसान के नौ महीने का सफर को दिखाया गया है जैसे एक मां अपने कोख में बच्चे को 9 महीने तक रख कर जन्म देती है। इसमें चावल की खेती की प्रक्रिया, संघर्ष, त्योहारों, परंपरा और संस्कृति मतलब लखी माई के पर्व को देखेंगे। जैसे झारखंड लोक त्योहार ष्करमा पूजाष और ष्सोहराई पूजाष खेती से कैसे जुड़े हुए हैं, फ़िल्म में लोक पर्व के साथ साथ लोक गीत भी है जो निर्देशक नितेश कुमार की नानी जमनी देवी और पिता स्वर्गीय होरिल यादव जी ने गाया है । इस फ़िल्म को चार प्रोडक्शन हाउसेस में एडिट किया गया है, उंअमतपा पिसउमते (रांची), रिवोल्यूशियंडो वैरासिटी (मुंबई), जेसी फ़िल्म (चण्डीगढ़), ग्लोबल फोटोग्राफी (बरही) और इसे पुरा करने में लगभग 5 साल लग गए। पहले इस फ़िल्म का नाम कृषि उत्सव था जो बदल कर लखी माई किया गया है। इस फ़िल्म में मुख्य भूमिका में निर्देशक नितेश कुमार के नाना नानी दामोदर यादव और जमनी देवी है। फ़िल्म को पूरा करने का श्रेय निर्देशक नितेश कुमार अपने नाना नानी,शिक्षक श्री प्रकाश, बीजू टोप्पो और बड़े भाई प्रियर्थ मुखर्जी, तुषार चांद, रूपेश साहू, पुरोषोत्तम, संतोष एचडी वीडियोग्राफी, इकराम ग्लोबल फोटोग्राफी, चंदन, आनंद, और पुरे अपने गांव वासियों को देते है।

# बरही : अतिक्रमण हटाने के लिए एनएचएआई ने कराई माइकिंग, दो दिन का दिया समय

**अपेम लाइव : बरही**




बरही चौक पर अवैध रूप से दुकान चलाने वालों पर एनएचएआई के अधिकारियों ने सख्ती करनी शुरू कर दी है। मंगलवार देर शाम एनएचएआई के अधिकारियों ने बरही चौक एवं चारों मुख्य मार्गों में माइकिंग कर दो दिन का समय देते हुए अतिक्रमणकारियों को खुद से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। विदित हो की बरही चौक एवं चारों मुख्य मार्गों में अतिक्रमण कम होने का नाम नही ले रहा है। आलम यह है की आस – पास के दुकानदारों तथा चार पहिया ठेले पर दुकान चलाने वाले फूट्कर दुकानों ने चौक पर अस्थाई रूप से अतिक्रमण जमा लिए है। जिससे आवागमन बाधित होता है और आने – जाने वाले लोग परेशान होते रहते है। स्थानीय लोगों ने बताया की बरही में प्रमुख बाजार होने के कारण यहां दिन भर में हजारों लोगों का आना – जाना रहता है, लेकिन बरही चौक पर अस्थाई अतिक्रमण से जाम के हालात बनते है और लोगों को निकलना मुश्किल हो जाता है।




# तालाब में स्नान घाट का उद्घाटन किया गया

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के अरारी पंचायत के मरकोडीह तालाब में स्नान घाट का उद्घाटन किया गया इस गांव में स्नान घाट नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था इसकी मांग ग्रामीणों द्वारा काफी दिनों से किया जा रहा था इसे ध्यान में रखते हुए मुखिया प्रमिला देवी ने 15वी वित योजना के अंतर्गत 2 लाख 65 हजार की लागत से स्नान घाट का निर्माण करवाया स्नान घाट के उद्घाटन समारोह में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव उप मुखिया जितेंद्र यादव वार्ड सदस्य टुनटुन कुमार वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अरुण राम अध्यक्ष अशोक कुमार मुखिया प्रत्याशी रहे सुनील कुमार पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी रहे संदीप साव राजेंद्र साव सकलदेव साव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे ।

# बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**




बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में मन का मिलन पखवाड़ा के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी एवं संच. ालन महिला पर्यवेक्षिका पूजा रॉय ने किया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता विजय कुमार सिंह एवं मोहम्मद मोजम शामिल हुए। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, आंगनबाड़ी सेविका के अलावा कई विभागों के कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर अधिवक्ताओं के द्वारा उप. स्थित लोगों को कई कानूनन जानकारी प्रदान की। साथ ही दीवानी मामले को मध्यस्था के द्वारा सुलझाने पर जोर दिया गया। आगे बताया कि मध्यस्था के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को लिखित आवेदन देकर निशुल्क सेवा प्राप्त किया जा सकता है। मध्यस्था के द्वारा लोगों की बातों को सुनकर समस्या का हल निकाला जाता है। इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं जनप्रति. निधियों के हाथों विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें मनरेगा के तहत 7 लाभुकों को डोभा निर्माण, मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत 10 लाभुकों का चयन किया गया था जिसमें 5 लाभुकों को अतिथियों के हाथों पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया, वहीं मुख्यमंत्री लाड़ली योजना के तहत 6 लाभुकों को प्रति लाभुक 8116 राशि दी गई, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना के 6 लाभुक को लाभ मिला जिसमें दो लाभुक को 20 –20 हजार वहीं अन्य कों 2500 का एक किश्त दिया गया, 10 लाभुकों को मनरेगा के तहत ज०ब कार्ड, पांच लाभुक को किसान क्रेडिट कार्ड, 15 लाभुक के बीच स्वाइल हेल्थ कार्ड, वहीं जेएसएलपीएस के तहत फूलों झानों योजना के अंतर्गत 2 लाभुकों को 50000 हजार एंव बैंक ऋण कैश क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) के तहत 7 लाभुकों की एक समूह को 42 लाख का ऋण वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडे, चिकित्सा प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद, प्रभु राम, कृष्णा राम, मुखिया मो तकरीमुल्लाह खान, पारसनाथ महतो, भीखन महतो, पंचायती राज्य समन्वयक आशीष कुमार पासवान, रिंकू कुमार रवि, सीडीपीओ अर्चना एक्का, महिला पर्यवेक्षिका रुकसाना प्रवीण, अनुराधा पासवान, बीपीओ हीरो महतो, बीपीएम रामप्रकाश कुमार और प्रकाश कुमार के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# थ्रिवेणी सैनिक में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया पदाधिकारियों ने लगाए पौधे

**अपेम लाइव : बडकागॉव**




बड़कागांव : थ्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया । परियोजना प्रमुख संजय कुमार खटोर,अर्जुन सिंह राठौर, ,टी बालाजी, रवीश कुमार, हिरामन साव, शशि भूषण तिवारी , संतोष झा, गौतम मिश्रा, दीपक तिवारी , सुनीता सिंह और नीतू सिंह के द्वारा एक– एक पौधारोपण किया गया । परियोजना प्रमुख संजय खटोर ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण को लेकर हम सभी को गंभीर होने की आवश्यकता है। साल में एक बार पेड़ अवश्य लगाएं ।
विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर थ्रिवेणी सैनिक में करीब 100 से ऊपर कर्मचारियों के द्वारा अलग–अलग तरह से पौधारोपण किया गया है। जैसेआम,लीची,पलाश,कटह ल,नीम, बेली,चमेली, अमरूद और करीब करीब 20से 25 तरह के विभिन्न स्थानों में पौधों को लगाया गया।

APEM
LIVE